तापमान
अधिकतम 44.2 डिग्री
न्यूनतम 17.6 डिग्री

हरिभूमि
# सोनीपत भूमि
रोहतक, शनिवार, 26 अप्रैल, 2025



11 कैंडल मार्च से पहलगाम के मृतकों को श्रद्धांजलि दी




12 भारत बुद्धिमानों की धरती, यहां ज्ञान की कमी नहीं : चिराग



## खबर संक्षेप

### अवैध खनन : 2.39 लाख जुर्माना वसूला

**सोनीपत।** खनन एवं भूविज्ञान विभाग, सोनीपत की टीम द्वारा निरंतर दिन-रात खनिज परिवहन में लगे वाहनों की चेकिंग की जा रही है, जो आगे भी जारी रहेगी। अवैध खनन के एक अन्य प्रकरण में कुंडली क्षेत्र से पूर्व में जब्त एक वाहन, जिसका मालिक गौरव नारंग पुत्र राधे, निवासी दिल्ली है। उससे. 2,39,700 रुपये का जुर्माना वसूला गया। यह राशि सरकारी खजाने में जमा करवाने के उपरांत ही संबंधित वाहन को छोड़ा गया।

### ट्रक की टक्कर से गांव औचंदी के छात्र की मौत

**खरखौदा।** गांव औचंदी निवासी सुरेन्द्र लोहचब का बेटा जतिन लोहचब बुधवार सुबह अपनी सैंट्रो कार से किसी काम से खरखौदा आ रहा था। जब वह फिरोजपुर बागर गांव में पहुंचा तो सामने से आ रहे ट्रक ने कार को सीधी टक्कर मार दी। इससे जतिन कार में ही फंस गया। राहगीरों की मदद से उसे बाहर निकाला गया और खरखौदा नागरिक अस्पताल लाया गया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जतिन बारहवीं पास कर आईआईटी-जेईई की तैयारी कर रहा था।

### टीडीआई मॉल की पार्किंग से बाइक चुराई

**सोनीपत।** कुंडली थाना क्षेत्र में टीडीआई माल की पार्किंग से दो-पहिया वाहन चोरी हो गया। पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। कुंडली निवासी आकाश ने बताया कि वह अपनी किसी काम से टीडीआई मॉल में गया था। अपनी बाइक को पार्किंग में खड़ी करके अंदर चला गया। कुछ देर बाद पास लौटा तो बाइक गायब मिली।

### अवैध पिस्तौल के साथ युवक गिरफ्तार

**खरखौदा।** खरखौदा की क्राइम यूनिट टीम ने अवैध हथियार के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास एक पिस्तौल और एक कारतूस मिला है। पुलिस को सूचना मिली थी कि अमित निवासी सिलाना, अवैध पिस्तौल के साथ छिन्नौली मोड़ पर खड़ा है। टीम ने मौके पर पहुंचकर युवक को पकड़ लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम अमित उर्फ मिता बताया। इसी दौरान रोहित निवासी बरोणा भी मौके पर पहुंचा। उसे अमित के पास हथियार होने की जानकारी थी। पुलिस ने अमित की तलाशी ली तो हथियार मिला।

### बाइक चोरी, सीसीटीवी से मिला सुराग

**खरखौदा।** शहर के वार्ड नंबर 1 निवासी राहुल ने थाना खरखौदा में बाइक चोरी की शिकायत दी है। राहुल ने बताया कि वह मोटरसाइकिल मिस्त्री है और डिटेलिंग ट्रैगन वर्कशॉप में काम करता है। अनील कुमार के भतीजे कुनाल ने अपनी बुलेट बाइक सर्विस के लिए राहुल को दी थी। सर्विस के बाद राहुल ने बाइक अपने घर के बाहर गली में खड़ा कर दी। 24 अप्रैल को दोपहर करीब 12 बजे जब उसने मोटरसाइकिल देखी तो वह गायब थी। राहुल ने अपने स्तर पर पता किया और सीसीटीवी फुटेज देखी तो चोरी करने वाले का सुराग लग गया। चोरी करने के आरोपी का नाम सरदीप है। उसके साथ एक और लड़का भी था।

### दतौली की युवती को वाहन ने मारी टक्कर

**गन्नौर।** गांव दतौली की रहने वाली सोनिया ने थाना बड़ी में शिकायत देकर अज्ञात वाहन के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। सोनिया ने बताया कि 10 अप्रैल को उनकी बेटी लक्ष्मी को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी थी। लक्ष्मी को खानपुर स्थित पीजीआई अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से उसे पीजीआईएमएस रेफर कर दिया गया। वहां 17 अप्रैल तक इलाज के बाद डॉक्टरों ने उसे डिस्चार्ज कर दिया, लेकिन वह अब भी कोमा में है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### इमरजेंसी में रात को बिना अनुमति छात्रों के प्रैक्टिस करने का आरोप, जमकर हंगामा, पुलिस तक पहुंचा मामला

# नागरिक अस्पताल में आते हैं बाहर के छात्र, मरीजों को भेजते प्राइवेट अस्तपाल, एंबुलेंस चालक ने रोका तो युवकों ने पीटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

जिला नागरिक अस्पताल के आपातकालीन कक्ष में कमीशन का खेल रुकने का नाम नहीं ले रहा है। कमीशन के खेल में गरीब को आर्थिक मार से बचाने व उसकी मदद करना एंबुलेंस चालक को महंगा पड़ गया। आरोप है कि निजी अस्पताल के कारिंदे व उसके साथियों ने अस्पताल में आकर आपातकालीन कक्ष के बाहर चालक को बेरहमी से पीट-पीटकर घायल कर दिया। कक्ष के बाहर भीड़ इकट्ठी होती देख हमलावर फरार हो गए। पीड़ित ने मामले को लेकर अस्पताल प्रबंधन ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली को मामले की शिकायत दी है। प्रदेश अध्यक्ष की तरफ से शिकायत को उच्च अधिकारियों को भेजा गया है। आरोप है कि अस्पताल में रात के समय आपातकालीन कक्ष में बिना अनुमति के छात्र प्रैक्टिस करने के लिए आते हैं। वहीं मरीजों को निजी अस्पताल में उपचार के लिए भेजने का काम करते हैं। चालक सुमित का आरोप है कि मरीजों को प्राइवेट अस्पताल में भेजने के लिए मोटा कमीशन निजी अस्पताल की तरफ से दिया जाता है।

#### चालक का आरोप, कमीशन के चक्कर में हो रहा खेल


सोनीपत। जानकारी देता एंबुलैंस चालक सुमित।

#### निजी अस्पताल में ले जाने के लिए मरीज के साथ जबरदस्ती कर रहे थे युवक रोकने पर झगड़ा शुरू कर दिया

गांव बड़ौली निवासी सुमित ने बताया कि वह नागरिक अस्पताल में एंबुलेंस चालक के तौर पर कार्यरत है। रात करीब दो बजे वह अपनी ड्यूटी पर मौजूद था। उसी दौरान आपातकालीन कक्ष के बाहर एक मरीज को कुछ युवक खींचकर निजी अस्पताल में जाने की सलाह दे रहे थे। मरीज बार-बार खुद को आर्थिक रूप से कमजोर होने की बात कह रहा था। सुमित ने बताया कि मरीज ने कई बार उन्हें कहा कि वह सरकारी अस्पताल में अपना उपचार करवाना चाहता है, लेकिन उसे युवक निजी अस्पताल में जाने का दबाव बनाने लगे। इस संबंध में उसने मरीज का पक्ष लेते हुए सरकारी अस्पताल में उपचार करवाने की बात कही, उसी दौरान आर्यन, पुनीत नाम के युवकों ने उसके साथ अभद्रता करना शुरू कर दिया। उसे मरीज को निजी अस्पताल में जाने से रोकने पर धमकी दी।

#### कार में सवार होकर आए आठ से दस युवक लात-मुक्कों और तेज हथियार से हमला किया

एंबुलेंस चालक सुमित ने बताया कि धमकी देने के कुछ देर बाद ही कार में सवार होकर आठ से दस युवक आए। उसके साथ आपातकालीन कक्ष के बाहर एक साइड में खींचकर ले गए। जहां उसके साथ लात-घुस्से व किसी प्रकार के तेज हथियार से हमला करना शुरू कर दिया। भीड़ इकट्ठा होते देख हमलावर धमकी देकर फरार हो गए। हमलावरों के हमले से उसकी आंख, कमर व हाथों पर चोटे आ गई। विभाग के साथियों ने उसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां उसका उपचार किया गया। मामले को लेकर सेक्टर-27 शहर थाना व अस्पताल प्रबंधन को शिकायत दी है। इस संबंध में विभाग व पुलिस की तरफ से जांच शुरू कर दी है।


सोनीपत। चोट दिखाते हुए एंबुलैंस चालक

#### संज्ञान
#### भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के पास पहुंचा मामला

एंबुलेंस चालक पर निजी अस्पताल के कर्मचारियों त उसके साथियों द्वारा की मारपीट का मामला भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली के दरबार में पहुंचा। बताया जा रहा है कि चालक सुमित भाजपा प्रदेश अध्यक्ष का भतीजा है। अध्यक्ष की तरफ से स्वास्थ्य विभाग के उच्च अधिकारियों को शिकायत भेजकर मामले में कार्यवाही करने के निर्देश दिए। जिसके बाद नागरिक अस्पताल प्रबंधन ने मामले की शिकायत व अस्पताल परिसर में निजी वाहन व निजी एंबुलेंस खड़ी करने वालों के खिलाफ कानूनी कार्यवाही की शिकायत सेक्टर-27 शहर थाने में दी। इसके बाद पूरे मामले की जांच की जाएगी और जो भी दोषी पाया गया उस पर कार्रवाई होना भी तय माना जा रहा है।



#### कार्रवाई होगी

कर्मचारी के साथ मारपीट की शिकायत मिली है। साथ ही अस्पताल परिसर में निजी एंबुलेंस व वाहन खड़े करने की शिकायत भी है। इस संबंध में प्रबंधन की तरफ से थाने में शिकायत भेजकर कानूनी कार्यवाही की मांग की गई है। रात व दिन में अधिकारी की ड्यूटी लगाई गई है। आपातकालीन कक्ष में किसी बाहरी व्यक्ति व बिना अनुमति के प्रैक्टिस करने वाले के खिलाफ कानूनी कार्यवाही व उसका सहयोग करने वाले के खिलाफ कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

*-डॉ. ज्योत्सना, प्रधान चिकित्सक अधिकारी नागरिक अस्पताल।*

#### नजर रखेंगे

अस्पताल प्रबंधन की तरफ से शिकायत मिली है। साथ ही कर्मचारी के साथ मारपीट की शिकायत है। दोनों की जांच की जा रही है। अधिकारियों को अवगत करवाया दिया है। रात के समय पुलिस की राइडर द्वारा गश्त करने सहित शरारती तत्वों पर नजर रखने के निर्देश दिए गए हैं।

*-सवित कुमार, प्रभारी सेक्टर-27 शहर थाना सोनीपत।*

### पुलिस ने गोहाना के होटलों में छापे मारे दो महिलाएं मिली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

शहर थाना गोहाना की पुलिस ने शुक्रवार को शहर में होटलों में छापे मारे। एक होटल में दो महिलाएं मिली। महिलाओं ने कहा कि होटल मालिक लालच व दबाव देकर उसने अनैतिक कार्य करवा रहा था। पुलिस ने महिलाओं की शिकायत पर होटल मालिक को गिरफ्तार कर लिया। दो होटल संचालक अपने होटल बंद करके फरार हो गए। पुलिस को शिकायतें मिली रही थी कि शहर में होटलों में युवतियों और महिलाओं को बुलाकर अनैतिक कार्य करवाया जाता है। उच्च अधिकारियों के निर्देश पर शहर थाना गोहाना के प्रभारी सबल सिंह और महिला थाना गोहाना की पुलिस ने रोहतक रोड स्थित ट्रक यूनियन के सामने होटलों पर रेड की। दो होटलों के संचालक कार्रवाई की भनक लगने पर होटल बंद करके भाग गए। पुलिस को एक होटल में दो महिलाएं मिली।

महिलाओं ने पुलिस को बताया कि होटल संचालक दबाव व लालच देकर उनसे अनैतिक कार्य करवाता है। महिलाओं की शिकायत पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए होटल संचालक के विरुद्ध केस दर्ज करके उसे गिरफ्तार कर लिया। प्रभारी सबल सिंह ने कहा कि आगे भी इस तरह की कार्रवाई जारी रहेगी। शहर में अनैतिक कार्य नहीं होने दिया जाएगा।

## गांव रिंढाणा के पूर्व सरपंच के घर में लगाई आग


गोहाना। घर में आग लगाने के बाद घटनास्थल की जांच करते हुए पुलिस।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

- दरवाजों की कुंडी टूटी हुई थी, मकान में रखा बैड और अन्य सामान जलकर राख

गांव रिंढाणा के पूर्व सरपंच बिजेंद्र के घर में अज्ञात लोगों ने आग लगा दी। आग लगाने से उनके घर में रखा सामान जल गया। बरोदा थाना में केस दर्ज किया गया। बिजेंद्र ने पुलिस को बताया कि वह हाल में गोहाना में गौतम नगर में परिवार के साथ रहता है। वह गांव रिंढाणा का पूर्व सरपंच है और गांव में उसका मकान है। उसके पास गांव के कुलदीप का फोन आया कि उसके मकान में आग लगा दी। वह पुलिस को सूचना देकर गांव पहुंचा तो उसके मकान में आग लगा दी थी। दरवाजों की कुंडी टूटी हुई थी। उसके मकान में रखा बैड और अन्य सामान जला मिला। उसके यहां से एलईडी, इनवर्टर, बैट्री, 20 कुर्सी, फ्रिज और अन्य सामान चोरी कर लिया गया। पुलिस ने अज्ञात के विरुद्ध केस दर्ज किया।

## एसएलसी न देने के कारण बर्बाद हो गया एक साल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

प्राइवेट स्कूल द्वारा बच्चों की एसएलसी न देने के कारण 1 साल बर्बाद हो गया, जिसके विरोध में गांव थरिया निवासी तसीम नजीर और पार्षद संजय बड़वासनिया के साथ डीईओ कार्यालय में शिकायत दी। जिला पार्षद संजय बड़वासनिया ने कहा कि प्राइवेट स्कूल की मनमानी के कारण गरीब परिवार के बच्चे का 1 साल बर्बाद हो गया। निजी स्कूल संचालक अभिभावक को दोनों हाथों से लूट रहे हैं। शिक्षा को बिजनेस बना दिया है। उन्होंने कहा कि ऐसे स्कूलों के खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए जो बच्चे के भविष्य के साथ खिलवाड़ करें। अभिभावक तसीम ने बताया कि परिवार में पिताजी के बीमार होने के कारण समय पर फीस नहीं भर पाया था। स्कूल में जाकर किस्तों में पैसे जमा करने की बात कही थी, उन्होंने मना कर दिया जिसके कारण मेरे बेटे का एक साल बर्बाद हो गया। उन्होंने एसएलसी दिलाने की मांग उठाई।


सोनीपत। शिकायत लेकर पहुंचें तसीम साथ में संजय बड़वासनिया।

## ठेका सफाई कर्मियों ने कंपनी के खिलाफ की नारेबाजी, मांगा तीन महीने का वेतन

- कर्मचारियों ने बताया ठेकेदार ने वेतन रोक रखा है।
- जानबूझकर सोनीपत शहर में गंदगी व बीमारियों का माहौल पैदा करना चाहते हैं
- नगर निगम का घेराव करेंगे

#### पीसीसी कंपनी के पास है ठेका


सोनीपत। ठेकेदार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करते हुए ठेका सफाई कर्मचारी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

ठेका सफाई कर्मचारी एकता मंच संबंधित मूल निवासी कर्मचारी कल्याण महासंघ सहयोग बलि सेना के ठेका सफाई कर्मचारियों ने शुक्रवार को विरोध प्रदर्शन किया। सेक्टर 15 में विरोध प्रदर्शन करते हुए पीसीसी कंपनी के खिलाफ नारेबाजी की। कर्मचारियों ने बताया कि ठेकेदार ने 3 महीने से वेतन रोक रखा है। कर्मचारियों के नेता मुकेश टांक ने आरोप लगाया कि ठेकदार 15 दिनों से कोई भी फोन नहीं उठा रहा और ना ही कोई रिप्लाई दे रहा है। नगर निगम के अधिकारियों व ठेकेदार द्वार जानबूझ कर 3 माह का वेतन ना देकर कर्मचारियों को परेशान किया जा रहा है। कर्मचारियों ने आरोप लगाया कि कंपनी के ठेकेदार व नगर निगम अधिकारी जानबूझकर सोनीपत शहर में गंदगी व बीमारियों का माहौल पैदा करना चाहते हैं। ठेका सफाई कर्मचारी बिलकुल भी नहीं चाहते की हड़ताल हो, शहर में गंदगी व बीमारिया फैले व सोनीपत शहर की जनता परेशान हो। हम शहर को साफ सुथरा रखना चाहते हैं। उन्होंने सरकार से गुहार लगाई कि हमारा 3 माह का पूरा वेतन हमारे खातों में डलवाया जाए। अन्यथा सोमवार 28 अप्रैल को सफाई कर्मचारी सैक्टर 15 और नगर निगम कार्यालय का घेराव किया जाएगा। प्रदर्शन में मुकेश टांक, सावन कुमार, अनिल, मुकेश कर्मा, युधिष्ठिर, अमित, विजय, ऊषा, मीना, रीना, रोशन आदि मौजूद रहे।

### सोनीपत में गर्मी का सितम जारी, लू और परेशान करेगी

# एक सप्ताह मौसम बना रहेगा खुष्क, गर्मी बढ़ेगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

गर्मी से बेहाल सोनीपत के लोगों को और भी गर्मी सहन करनी होगी। मौसम विभाग चंडीगढ़ द्वारा जारी बुलेटिन के अनुसार, आने वाले दिनों में सोनीपत सहित राज्य के कई जिलों में तापमान में और वृद्धि होने की संभावना है। जिले में अगले 5 से 7 दिनों तक गर्म और शुष्क मौसम बना रहेगा, जिसमें लू चलने की संभावना जताई गई है। हालांकि बीच में दो तीन दिन ऐसे भी रहेंगे जब प्रदेश के कुछ इलाकों में हल्की व मध्यम बारिश होगी, जिसकी वजह से सोनीपत में लू से राहत मिल पाएगी।

बता दें कि पिछले 24 घंटों में हरियाणा राज्य में मौसम शुष्क रहा। प्रदेश में अधिकतम तापमान 43.1 सेल्सियस सिरसा में दर्ज किया गया, जबकि सोनीपत में अधिकतम तापमान 40 डिग्री और न्यूनतम तापमान 20 डिग्री दर्ज किया गया। यह सामान्य से 3.1 से 4.4 सेल्सियस तक अधिक है, जो कि मौसम विशेषज्ञों के अनुसार 'अत्यधिक सामान्य से ऊपर' की श्रेणी में आता है। आने वाले दिनों में तापमान और बढ़ने की संभावना जताई गई है। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार 1 मई तक जिले में हीट वेव की स्थिति बनेगी, जिसकी वजह से लोगों को सावधान रहने की चेतावनी जारी की गई है।

#### दो बार सक्रिय हो चुके हैं पश्चिमी विक्षोभ



अप्रैल माह में अब तक दो बार कमजोर पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हुआ, जिससे क्षेत्र में हल्की बूंदाबांदी और तेज हवा चली। इससे गर्मी से थोड़ी राहत मिली थी, लेकिन अब इस सप्ताह में गर्मी ज्यादा पड़ने का अनुमान है। दिन का तापमान 40 डिग्री से ऊपर रहेगा और गर्म हवाएं घर से बाहर निकलने वालों के लिए परेशानी का कारण बन सकती हैं। लोगों को अब लू का सामना करना पड़ सकता है। हालांकि मौसम विभाग ने पहले भी लू के आसार जाहिर किए थे।

#### तेज हवा और धूल भरी आंधी की चेतावनी

मौसम विभाग के अनुसार 26 अप्रैल व 1 मई को प्रदेश में 30–40 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से चलने वाली तेज हवा के साथ धूल भरी आंधी भी चल सकती है, जिससे दृश्यता में कमी आने और जनजीवन प्रभावित होने की आशंका है। वहीं हीट वेव के चलते किसानों को सलाह दी गई है कि वे खेतों में सिंचाई का समय सुबह या शाम रखें और पशुओं को पर्याप्त पानी उपलब्ध कराएं। साथ ही, नागरिकों को दोपहर 12 बजे से 4 बजे के बीच घरों में रहने, हल्के और ढीले कपड़े पहनने तथा पर्याप्त मात्रा में पानी पीते रहने की हिदायत दी गई है।

#### अगले दिनों में ऐसा रहेगा मौसम

- मौसम विभाग के अनुसार, 26 अप्रैल से 1 मई तक गर्म हवाओं और हीटवेव की स्थिति सोनीपत सहित कई जिलों में बनी रहेगी।
- 26 अप्रैल : प्रदेश के कुछ स्थानों पर गरज के साथ हल्की बारिश की संभावना है, लेकिन सोनीपत तापमान में कोई बड़ी राहत नहीं मिलेगी।
- 27 से 30 अप्रैल : मौसम पूरी तरह शुष्क रहने की संभावना है और गर्मी का प्रकोप और बढ़ेगा।
- 1 मई : प्रदेश में कुछ स्थानों पर फिर से गरज–चमक के साथ हल्की बारिश हो सकती है, हालांकि सोनीपत में इसके आसार बहुत कम हैं।

#### लू से बचाव जरूरी

लू और गर्मी के बढ़ते सितम को ध्यान में रखते हुए चिकित्सकों ने स्पष्ट किया है कि आम लोगों को अपना बचाव करना चाहिये। जरूरी काम ना हो तो घर से बाहर नहीं निकलना। डॉ. शैलेंद्र राणा ने बताया कि घर से बाहर निकलें तो सिर जरूर ढंक लें। इसके अलावा आंखों की देखभाल जरूरी है। रोजाना खानपान का विशेष ध्यान रखें। अधिक गर्मी और लू की वजह से तबीयत बिगड़ने पर तुरंत चिकित्सक की सलाह लें।

#### सावधान रहें

आने वाले दिनों में तापमान में तेजी से वृद्धि होने का अनुमान है। सप्ताह के अंत तक तापमान 2 से 3 डिग्री और बढ़ सकता है, इसके अलावा लू का भी सामना करना पड़ सकता है। लोगों को लू से बचाव करना चाहिए। गर्मी से बचने के लिए सभी तरह से प्रबंध जरूर कर लें। आने वाले दिनों में गर्मी का सितम बढ़ने वाला है। लू लगते ही डॉक्टर के पास जाएं।

*-डॉ. प्रेमदीप, मौसम विज्ञानी, केवीके सोनीपत।*

### कांग्रेस भवन में पहलगाम मृतकों को श्रद्धांजली दी

**सोनीपत।** जिला कांग्रेस कमेटी सोनीपत द्वारा कांग्रेस भवन सोनीपत में पहलगाम के आतंकी हमले में मारे गए नागरिकों की आत्मा की शान्ति के लिए श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया एवं दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजली दी गई। इस दौरान उपस्थित पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व सासंद धर्मपाल मलिक ने कहा कि ये समय राष्ट्र के एक जुट होने का है ताकि देश की सरकार को मजबूती मिल सके और इन आतंकियों और पाकिस्तान को करारा जवाब दिया जा सके। हमने पाकिस्तान को बार-बार सुधरने का अवसर दिया, लेकिन उसने इसे हमारी कमजोरी समझ कर बड़ी भूल की है। प्रदेश प्रवक्ता राकेश सौदा ने कहा कि पाकिस्तान समर्थित आतंकियों ने जो ये कायराना और घिनौना कृत्य किया है।






एक कठफोड़वा प्रति सेकंड की दर से पेड़ में 20 बार अपनी चोंच मार सकता है।



दरियाई घोड़ा इंसानों की तुलना में तेजी से दौड़ सकते हैं और इनके पसीने का रंग गुलाबी होता है।

# आंकड़ों की अच्छी समझ है तो बनाए इन क्षेत्रों में कॅरियर



नॉलेज

यंगभूमि डेस्क

दुनियाभर में डेटा का इस्तेमाल बढ़ रहा है, इसके साथ ही ऐसे विशेषज्ञों की मांग बढ़ रही है जो इसे समझ भी सकें और समझा भी सकें। डेटा की जरूरत को देखते हुए अब सांख्यिकी में पढ़ाई करने वालों को कई तरह की प्रोफाइल पर काम करने के मौके मिल रहे हैं। आंकड़ों को समझने का हुनर और उसे आसान भाषा में समझाने की खूबी कॅरियर को नई उड़ान दे सकती है। स्टेटिस्टिक्स यानी सांख्यिकी ऐसा ही एक विषय है। जैसे-जैसे कंज्यूमर डेटा की मांग बढ़ रही है, वैसे-वैसे सांख्यिकी के जानकारों को कॅरियर में नए मौके मिल रहे हैं। डेटा का विश्लेषण करना, इससे पॉलिसी बनाना, आर्थिक सर्वे करना इसके विशेषज्ञों का काम है। कोई भी सर्वे सांख्यिकी डेटा के बगैर संभव नहीं है।

## योग्यता

सांख्यिकी में कॅरियर बनाने के लिए 12वीं में कॉमर्स या गणित होना अनिवार्य हैं। परीक्षा कम से कम 50 प्रतिशत अंक से उत्तीर्ण होनी चाहिए। 12वीं के पास सांख्यिकी में ग्रेजुएशन और मास्टर्स कर सकते हैं। कुछ संस्थानों में सीधे दाखिला मिलता है। वहीं, कुछ इंस्टीट्यूट प्रवेश परीक्षा के आधार दाखिला देते हैं। दिल्ली, बेंगलुरू और कोलकाता के इंडियन स्टैटिस्टिकल इंस्टीट्यूट, से पढ़ाई की जा सकती है। दिल्ली यूनिवर्सिटी, अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी, सीआर राव एडवांस्ड इंस्टीट्यूट ऑफ मैथमेटिक्स, स्टैटिस्टिक्स एंड कम्प्यूटर साइंस, हैदराबाद से स्टडी कर सकते हैं।

### 0-डेटाबेस एडमिनिस्ट्रेटर

एक डेटाबेस एडमिनिस्ट्रेटर डाटा को कैटेगरीवाइज ऑर्गेनाइज करने का काम करता है। डाटा का बैकअप रखना और उसकी सिक्योरिटी पर नजर रखना भी डेटाबेस एडमिनिस्ट्रेटर का ही काम है। इसके अलावा ये विशेषज्ञ स्टेकहोल्डर को डाटा एक्सेस करने में मदद करते हैं। यह तय करते हैं कि परमिशन दी जाएगी या नहीं। डेटा को तकनीक की मदद से बेहतर तरीके से पेश करते हैं।

## 0-फाइनेंशियल एनालिस्ट



सांख्यिकी में पढ़ाई के लिए फाइनेंशियल एनालिस्ट के तौर पर भी कॅरियर बना सकते हैं। एक फाइनेंशियल एनालिस्ट बैलेंस शीट की एनालिसिस करता है। बताते हैं कि कंपनी और क्लाइंट को कब और कहां निवेश करने की जरूरत है। कंपनी और क्लाइंट के स्टॉक और बॉन्ड की जानकारी रखते हैं और उसकी एनालिसिस करके परिणाम के आधार पर सलाह देकर फायदा पहुंचाते हैं।

### मार्केट रिसर्चर

एक मार्केट रिसर्चर प्रोडक्ट और सर्विस को लेकर इंडस्ट्री के रुख को समझते हैं। उसके आधार पर भविष्यवाणी करते हैं। ये मार्केट में ट्रेंड को समझते हैं। कंपनियों को बताते हैं कि कंज्यूमर की जरूरत क्या है और क्या चलन से बाहर हो रहा है। आंकड़ों की मदद से ये जानकारी देते हैं। मार्केट से डेटा को इकट्ठा करके उसे चार्ट और रिपोर्ट के रूप में पेश करते हैं।

## डेटा साइंटिस्ट



अगर डेटा साइंटिस्ट बनना चाहते हैं तो स्टेस्टिक्स आपके लिए एक सबसे जरूरी विषय साबित होगा। आंकड़ों का डेटा सेट बनाना, डेटा मॉडल तैयार करना, पैटर्न और ट्रेंड को समझना एक डेटा साइंटिस्ट का काम होता है। एक डेटा साइंटिस्ट स्टेस्टिकल मॉडल को तैयार करने के साथ उसे लागू करने का काम भी करता है। यही वजह है कि डेटा साइंटिस्ट की मांग तेजी से बढ़ रही है।

एक सांख्यिकीविद का काम पिछले डेटा का विश्लेषण करना होता है। इसकी मदद से पॉलिसी मेकर्स नई पॉलिसी बनाते हैं। प्राइवेट और पब्लिक सेक्टर में सांख्यिकी के जानकारों की मांग बढ़ रही है। हर साल 29 जून को नेशनल स्टेस्टिटिक्स डे भी मनाया जाता है।

---

मौसम या वातावरण के वैज्ञानिक अध्ययन को कहा जाता है मौसम विज्ञान

# 12वीं के बाद मौसम विभाग में बनाएं अपना कॅरियर, इस फील्ड में है काफी स्कोप

जॉब ट्रेंड्स

करियर डेस्क

दुनिया में हर दिन बदलते मौसम को लेकर सभी देश चिंतित हैं। क्योंकि प्राकृतिक घटनाओं पर हमारा नियंत्रण नहीं है। हालांकि मौसम वैज्ञानिक आने वाले प्राकृतिक खतरे को भांप लेते हैं। मौसम वैज्ञानिक के पूर्वानुमान से लोगों की जिंदगी को बचाया जा सकता है, या फिर इस परेशानी को कुछ हद तक कम किया जा सकता है। ऐसे में अगर आप स्टूडेंट है तो यह आर्टिकल आपके लिए है। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि आप मौसम वैज्ञानिक कैसे बन सकते हैं और इसमें कितने प्रकार का कोर्स होता है।

### क्या है मौसम विज्ञान



बता दें कि मौसम या वातावरण के वैज्ञानिक अध्ययन को मौसम विज्ञान कहा जाता है। यह मौसम की क्रिया-प्रतिक्रिया, पूर्वानुमान पर आधारित होता है। इसके तहत कई विषयों पर शोध व अध्ययन किया जाता है।

### एग्रीकल्चर मीटियोरोलॉजी

फसलों की पैदावार और उससे होने वाले फायदे व नुकसान का आंकलन मौसम के अनुरूप दी जाती है। मौसम के हिसाब से गाइडलाइन जारी की जाती है। जिसमें मिट्टी प्रबंधन के लिए उपयोगी समय और फसलों की पैदावार का आंकलन किया जाता है।

### फिजिकल मेटियोरोलॉजी

इसमें मौसम के इलेक्ट्रिकल, ध्वनिक, ऑप्टिकल और थर्मोडायनामिक घटनाओं का अध्ययन किया जाता है।


### सैटेलाइट मेटियोरोलॉजी

सैटेलाइट मेटियोरोलॉजी में सैटेलाइट के माध्यम रिमोट सेंसिंग उपकरणों से आने वाले डाटा के आधार पर महासागर और वायुमंडल का अध्ययन किया जाता है।

### डाइनामिक मेटियोरोलॉजी

इस विषय में पृथ्वी और उसके आसपास वायु की गति का अध्ययन होता है। इसके साथ ही बादल, बारिश, तापमान और हवा के पैटर्न पर भी अध्ययन होता है। जो मनुष्य को प्रभावित करती है।

## ग्रेजुएट स्तर पर तीन साल का कोर्स



## हमारे देश में मौसम वैज्ञानिकों की भारी कमी

### सिनॉप्टिक मेटियोरोलॉजी

स विषय में मौसम संबंधी बाधाओं जैसे ट्रापिकल साइक्लोन, एंटी साइक्लोन और फ्रंटल डिप्रेशन का बारीकी से अध्ययन किया जाता है। कम दबाव के क्षेत्र में वायु, चक्रवात, क्षेत्र, जल और दबाव स्तर से एकत्र होने वाला मैप जो कि पूरी दुनिया के मौसम का सिनाप्टिक व्यू को बताता है।

### क्लाइमेटोलॉजी

क्लाइमेटोलॉजी के जरिए जलवायु और उससे जुड़ी चीजों का अध्ययन किया जाता है। जलवायु के प्रभाव और उसके बदलवा पर भी शोध किया जाता है।

### एविएशन मेटियोरोलॉजी

एविएशन मेटियोरोलॉजी पर एविएशन इंडस्ट्री के नजरिए से मौसम का शोध होता है। वहीं प्राप्त आंकड़े से पूर्वानुमान लगाया जाता है।

### कोर्स और योग्यता

हमारे देश में आज भी मौसम वैज्ञानिकों की भारी कमी है। इस बात को ध्यान में रखते हुए देश के बहुत से कॉलेजों एवं विश्वविद्यालयों में मीट्रिओलॉजी संबंधित कोर्स चलाए जा रहे हैं। जो युवा इस क्षेत्र में भविष्य बनाना चाहते हैं, वे इसमें अंडरग्रेजुएट और पोस्टग्रेजुएट योग्यता हासिल कर सकते हैं। अंडग्रेजुएट कोर्स के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता किसी भी मान्यता प्राप्त संस्थान से विज्ञान वर्ग भौतिकी, जीव विज्ञान और रसायन विज्ञान से 12वीं पास होना जरूरी है। ग्रेजुएट स्तर का कोर्स तीन साल का है। अगर आप इसमें पोस्ट ग्रेजुएट डिग्री लेना चाहते हैं तो इसके लिए किसी भी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से आपका बीएससी होना जरूरी है।

---

मेमोरी शार्प करने के तरीके

# रटने की जगह इन टिप्स की मदद से करेंगे पढ़ाई तो लंबे समय तक याद रहेंगे चैप्टर

**अक्सर छात्रों के** साथ यह समस्या होती है कि वह चाहे कितना भी प्रयास कर लें, लेकिन उनके द्वारा याद किए हुए चैप्टर्स याद नहीं रहते। या फिर जो वह पढ़ते हैं यदि वह याद भी रहा तो एग्जाम के समय सब भूल जाते हैं। अगर आपके बच्चे के साथ भी इस तरह की समस्या तो यह आर्टिकल आपके लिए है। बता दें कि इस आर्टिकल के जरिए आज हम आपको पढ़ाई करने के कुछ ऐसे टिप्स के बारे में बताने जा रहे हैं। जिन्हें फॉलो कर आप अपनी मेमोरी को शार्प कर सकते हैं। आइए जानते हैं इन टिप्स के बारे में...

### नोट्स जरूर बनाएं

स्टूडेंट्स को पढ़ाई करते समय कॉपी पेन लेकर जरूर बैठना चाहिए। साथ ही आप जरूरी प्वाइंट्स को नोट करते हुए चलें। ऐसा करने से आपको चीजें लंबे समय तक याद रहेंगी। क्योंकि लिखकर बनाए गए नोट्स ज्यादा समय तक आपके दिमाग में टिकती हैं।

### जरूर लें ब्रेक्स

जब आप लगातार कई घंटो तक पढ़ाई करते रहते हैं तो आपका ब्रेन थक जाता है और रिटेन नहीं कर पाता है। ऐसे में जरूरी है कि आप हर आधे घंटे में खुद को 5 मिनट का ब्रेक दें। इससे आपके ब्रेन को भी आराम मिलेगा और पढ़ा हुआ लंबे समय तक याद रहेगा।

### फोकस रहें

जब आप पूरे फोकस के साथ पढ़ाई करते हैं तो आपको चीजें ज्यादा समय के लिए याद रहती हैं। लेकिन जब आपका ध्यान कहीं और होता है तो आप पढ़ा हुआ भूल जाते हैं। फोकस के साथ पढ़ाई करने से आप ज्यादा से ज्यादा इंफॉर्मेशन को अधिक समय तक याद रख पाएंगे।

### रिवीजन करें

पढ़ी हुई चीज को याद रखने का सबसे अच्छा तरीका है कि जो भी आप पढ़ रहे हैं, उसे दूसरों को भी समझाएं व पढ़ाएं। ऐसा करने से आपका रिवीजन होता है। या आप चाहें तो अपेन किसी दोस्त के साथ पढ़े हुए चैप्टर्स पर चर्चा कर सकते हैं। इससे पढ़ा हुआ चैप्टर भूलने की संभावना न के बराबर होती है।

### रिलेट करें

किसी भी चीज को पढ़ते समय कोशिश करें कि आप उसे रियल लाइफ से रिलेट कर पाएं। इससे याद किया हुआ पक्का हो जाता है। इस तरह से पढ़ने से आप पढ़े हुए चैप्टर्स को अच्छे से समझ पाएंगे और लंबे समय तक याद भी रख पाएंगे।

### रटने की कोशिश न करें

कई स्टूडेंट्स चैप्टर्स को रटने की कोशिश करते हैं। ऐसे में चैप्टर को अच्छे से समझ कर पढ़ना चाहिए। रट्टा मारने की कोशिश न करें। क्योंकि रट्टा मारने से आपको लंबे समय तक पढ़ी हुई चीजें याद नहीं रहेंगी, इसलिए समझना जरूरी है।

### गोल्स जरूर बनाएं

हर छात्र को अपने जीवन में गोल्स जरूर बनाने चाहिए। हर हफ्ते छोटे-छोटे गोल्स जरूर बनाएं। फिर इन गोल्स को पूरा करने का प्रयास करें। ऐसा करने से भी आपको एग्जाम के दौरान स्ट्रेस नहीं होगा। पढ़ा हुआ भी लंबे समय तक याद रहेगा।

---

# हमारे राष्ट्र की सुरक्षा: आतंकवाद जैसी घटनाओं से निपटने के लिए बड़ी प्रेरणा



मोटिवेशनल

डॉ. दिव्या तंवर

आप हमारे देश का भविष्य हैं। आपकी ऊर्जा, उत्साह और ज्ञान ही वह शक्ति है जो हमारे राष्ट्र को मजबूत और सुरक्षित बनाएगी। आज, जब हम आतंकवाद जैसी गंभीर चुनौतियों का सामना कर रहे हैं, यह जरूरी है कि आप न केवल अपने व्यक्तिगत लक्ष्यों पर ध्यान दें, बल्कि राष्ट्र की सुरक्षा में भी अपनी भूमिका समझें। आतंकवाद और अन्य प्रतिकूल परिस्थितियाँ हमें कमजोर करने की कोशिश करती हैं, लेकिन यह हमारा दायित्व है कि हम इनका डटकर मुकाबला करें और अपने देश को सुरक्षित रखें। इस लेख में, हम करेंगे कि आप, एक विद्यार्थी के रूप में, अपने देश की सुरक्षा में कैसे योगदान दे सकते हैं।

## छात्रा के रूप में आप दे सकते हैं बड़ा योगदान

### 1. जागरूकता : पहला कदम सुरक्षा की ओर

- राष्ट्र की सुरक्षा की शुरुआत जागरूकता से होती है। आतंकवाद और अन्य खतरों से निपटने के लिए हमें अपने आसपास के माहौल को समझना होगा।
- **सतर्क रहें**: अपने आसपास होने वाली असामान्य गतिविधियों पर नजर रखें। अगर आपको कुछ संदिग्ध लगे, तो तुरंत स्थानीय पुलिस या प्रशासन को सूचित करें।
- **सोशल मीडिया पर सावधानी**: आतंकवादी और असामाजिक तत्व अक्सरसोशल मीडिया का उपयोग भ्रामक जानकारी फैलाने के लिए करते हैं। ऐसी अफवाहों को न फैलाएँ और दूसरों को भी इसके प्रति जागरूक करें।
- **शिक्षा का उपयोग**: अपने स्कूल या कॉलेज में सुरक्षा से संबंधित कार्यशालाओं और सेमिनारों में भाग लें। यह आपको आपातकालीन परिस्थितियों में सही निर्णय लेने में मदद करेगा।

### 2. तकनीक का उपयोग: एक शक्तिशाली हथियार

- आज तकनीक का युग है। विद्यार्थी के रूप में, आप तकनीक का उपयोग करके राष्ट्र की सुरक्षा को मजबूत कर सकते हैं।
- **साइबर सुरक्षा**: साइबर आतंकवाद एक बड़ी चुनौती है। अपने डिजिटल उपकरणों को सुरक्षित रखें, मजबूत पासवर्ड का उपयोग करें और अनजान लिंक या ईमेल से बचें।
- डेटा विश्लेषण और तकनीकी नवाचार: अगर आप तकनीक में रुचि रखते हैं, तो डेटा विश्लेषण, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (**AI**), और साइबर सुरक्षा जैसे क्षेत्रों में विशेषज्ञता हासिल करें। ये कौशल राष्ट्रीय सुरक्षा एजेंसियों के लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं।
- जागरूकता फैलाएँ: तकनीक का उपयोग करके अपने दोस्तों और परिवार को आतंकवाद के खतरों और उनसे बचने के तरीकों के बारे में शिक्षित करें।

### 3. शारीरिक और मानसिक मजबूती

- राष्ट्र की सुरक्षा के लिए शारीरिक और मानसिक रूप से मजबूत होना जरूरी है। आतंकवाद जैसी घटनाएँ हमें डराने की कोशिश करती हैं, लेकिन हमें इनसे डरने के बजाय इनका सामना करने के लिए तैयार रहना चाहिए।
- **शारीरिक फिटनेस**: नियमित व्यायाम और खेलकूद से अपनी शारीरिक क्षमता को बढ़ाएँ। यह न केवल आपको स्वस्थ रखेगा, बल्कि आपातकाल में त्वरित प्रतिक्रिया देने में भी मदद करेगा।
- **मानसिक दृढ़ता**: ध्यान, योग और प्रेरक किताबें पढ़कर अपने मन को मजबूत करें। डर और तनाव को नियंत्रित करने की क्षमता आपको कठिन परिस्थितियों में सही निर्णय लेने में सक्षम बनाएगी।
- **प्रशिक्षण लें**: अपने स्कूल या कॉलेज में प्राथमिक चिकित्सा (फर्स्टएड) और आपदा प्रबंधन का प्रशिक्षण लें। यह आपको और दूसरों को आपातकाल में बचाने में मदद करेगा।

## भेदभाव से बचें

### 4. राष्ट्रीय एकता और सामाजिक सद्भाव

- आतंकवाद का एक प्रमुख उद्देश्य समाज में विभाजन पैदा करना होता है। विद्यार्थी के रूप में, आप सामाजिक सद्भाव को बढ़ावा देकर इस मंसूबे को नाकाम कर सकते हैं।
- **सभी को जोड़ें**: जाति, धर्म या क्षेत्र के आधार पर भेदभाव से बचें। अपने दोस्तों और सहपाठियों के साथ एकता का संदेश फैलाएँ।
- **सकारात्मक संदेश**: अपने स्कूल या कॉलेज में राष्ट्रीय एकता और शांति से संबंधित कार्यक्रम आयोजित करें, जैसे नाटक, वाद-विवाद या पोस्टर प्रतियोगिताएँ।
- **स्वयंसेवक बनें**: सामुदायिक सेवा में भाग लें और अपने आसपास के लोगों को एकजुट करने में मदद करें।

### 5. कैरियर के माध्यम से योगदान

- राष्ट्र की सुरक्षा में योगदान देने के लिए आपको सैनिक बनना जरूरी नहीं है। विभिन्न क्षेत्रों में काम करके भी आप देश की सेवा कर सकते हैं।
- **सुरक्षा बलों में शामिल हों**: अगर आपमें जोश और देशभक्ति है, तो सेना, नौसेना, वायुसेना, पुलिस या अर्धसैनिक बलों में शामिल होने पर विचार करें।
- **वैज्ञानिक और तकनीकी विशेषज्ञ**: रक्षा अनुसंधान और तकनीकी विकास में योगदान देने के लिए वैज्ञानिक या इंजीनियर बनें।
- **पत्रकारिता और कानून**: पत्रकारिता के माध्यम से जागरूकता फैलाएँ या कानून के क्षेत्र में काम करके आतंकवाद के खिलाफ कानूनी लड़ाई को मजबूत करें।
- आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में सबसे बड़ा हथियार है हमारा हौसला। डर को अपने ऊपर हावी न होने दें। हर कठिन परिस्थिति में एक अवसर छिपा होता है। आतंकवाद जैसी घटनाएँ हमें कमजोर करने की कोशिश करती हैं, लेकिन यह हमारी जिम्मेदारी है कि हम इनका डटकर मुकाबला करें।

---

## सामान्य ज्ञान

**1.** निम्नलिखित में से कौन सा खनिज केरल में बहुतायत से मिलता है ?
(ए) टिन
(बी) मैगनीज
(सी) अभ्रक
(डी) मोनाजाईट

**2.** सवैधानिक स्थिति के अनुसार खनिजों पर किसका अधिकार है ?
(ए) राज्य सरकार का
(बी) केंद्र सरकार का
(सी) उर्युक्त दोनों का
(डी) इनमे से कोई नहीं

**3.** नेशनल मिनरल डेवलपमेंट कोर्प्रेशन ऑफ़ इण्डिया की हीरे की खान कहाँ है ?
(ए) डिगबोई
(बी) जयपुर
(सी) झारसुगुडा
(डी) पन्ना

**4.** भारत में निम्नलिखित में से कौन-सा राज्य एस्बेस्टस का सर्वाधिक उत्पादक है ?
(ए) मध्य प्रदेश
(बी) आंध्र प्रदेश
(सी) कर्नाटक
(डी) राजस्थान

**5.** भारत के प्रथम खनिज नीति कब घोषित हुयी थी ?
(ए) 1951 में
(बी) 1961 में
(सी) 1972 में
(डी) 1976 में

**6.** भारत सरकार द्वारा नई राष्ट्रीय खनिज निति की घोषणा किस वर्ष की गई?
(ए) 1991 ई0
(बी) 1992 ई0
(सी) 1993 ई0
(डी) 2008 ई0

**7.** भारत में टिन का अग्रगण्य उत्पादक है -
(ए) ओडिशा
(बी) मध्यप्रदेश
(सी) झारखण्ड
(डी) छतीसगढ़

**8.** स्वर्ण मुखत्या कहाँ पाया जाता है ?
(ए) पन्ना
(बी) कटनी
(सी) कोलार
(डी) खेतड़ी

उत्तर 1.(डी) 2.(ए) 3.(डी) 4.(डी) 5.(ए) 6.(डी) 7.(डी) 8.(सी)

## खबर संक्षेप

### पेट्रोल पंप हड़पने के लिए मारपीट और धमकी

खरखौदा। प्रीतमपुरा निवासी सुमित ने खरखौदा थाने में शिकायत दी है कि उसे झूठ बोलकर बुलाया गया, फिर बंधक बनाकर मारपीट करके जान से मारने की धमकी देकर जबरन सीएनजी पंप के कागजों पर हस्ताक्षर करवा लिए गए। सुमित ने बताया कि उसने 2021 में चरखी दादरी में सुरेश फिलिंग स्टेशन के नाम से सीएनजी पंप शुरू किया था। इसमें करीब ढाई करोड़ रुपये खर्च हुए थे।

### आरोपितो को दो दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा

**सोनीपत।** कुंडली थाना सोनीपत पुलिस ने कंपनी में तैनात चालकों द्वारा जालसाजी करके सामान को कम मात्रा में पहुंचाने व हेराफेरी करने की वारदात में शामिल आरोपितो को गिरफ्तार किया है। आरोपित धीरज निवासी खांडा, सोनू निवासी मकडौली खुर्द रोहतक का है। पुलिस ने आरोपितों को अदालत में पेश किया। जहां से दो दिन के रिमांड पर भेजा है।

### तहसीलदार ने लगवाए नोटिस और रेट लिस्ट

**गन्नौर।** तहसील में लगातार सामने आ रहे भ्रष्टाचार के मामलों को देखते हुए तहसीलदार सुमनलता ने सख्त कदम उठाए हैं। तहसील परिसर में स्थित सरल केंद्र में उन्होंने रजिस्ट्री के निर्धारित रेट की लिस्ट और सख्त चेतावनी वाले नोटिस बोर्ड पर चिपकवाए हैं। इन नोटिसों में स्पष्ट रूप से लिखा गया है कि कोई भी व्यक्ति तहसीलदार के नाम पर पैसे न ले और न दे। तहसीलदार सुमनलता ने बताया कि कुछ लोगों ने रजिस्ट्री करवाने आए व्यक्तियों से उनके नाम पर पैसे मांगने की शिकायतें मिली थीं।

### अनीता-प्रवीण कुमार मंडल महामंत्री बने

**गोहाना।** शुक्रवार को भाजपा गोहाना मंडल अध्यक्ष भूपेंद्र मुदगिल ने भाजपा गोहाना जिला अध्यक्ष बिजेंद्र मालिक से विचार-विमर्श के पश्चात अपनी कार्यकारिणी का गठन किया। कार्यकारिणी में अनीता जिंदल और प्रवीण कपूर को महामंत्री का दायित्व सौंपा गया।

### ओपन टैलेंट शो में दिखाई प्रतिभा

**सोनीपत।** ब्राइट स्कॉलर स्कूल में प्री प्राइमरी 3 के छात्रों के लिए ओपन टैलेंट शो गतिविधि का शानदार आयोजन किया गया। हमारे नन्हे सितारों ने ऊर्जावान नृत्य प्रदर्शन, मधुर गायन, भावपूर्ण कविता और दोहा पाठ और आकर्षक कहानी कथन सहित विभिन्न प्रदर्शनों के माध्यम से अपनी रचनात्मकता और आत्मविश्वास का प्रदर्शन किया। प्रत्येक बच्चे ने मंच पर अपनी अनूठी चमक दिखाई।

### नालंदा स्कूल में सम्मान समारोह का आयोजन

**गोहाना।** गोहाना-जींद मार्ग स्थित नालंदा इंटरनेशनल स्कूल में शुक्रवार को मेधावी सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह में वार्षिक परीक्षाओं में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त मेधावी विद्यार्थियों को प्राचार्य सुभाष चन्द्र ने ट्राफी व प्रशस्ति पत्र प्रदान करके सम्मानित किया। कक्षा 5वीं में दिव्या प्रथम, जायसी भारद्वाज द्वितीय और आदि जैन तृतीय स्थान पर रहे।

### गांव धनाना के शिव मंदिर में करवाया यज्ञ

**गोहाना।** शुक्रवार को भारतीय किसान संघ के तत्वाधान में किसान कल्याण यज्ञ श्रृंखला के तहत गांव धनाना के शिव मंदिर में यज्ञ कराया गया। संघ के महासचिव नीरज शर्मा के अनुसार ग्रामीणों ने यज्ञ में उत्साह के साथ आहुति डाली। संघ के अखिल भारतीय उपाध्यक्ष एवं आइसीएआर करनाल के वैज्ञानिक एसके दुबे ने खेतों को वैज्ञानिक तरीके से करने के लिए प्रेरित किया।

### श्रद्धांजलि : डॉ. भीमराव अंबेडकर को किया याद

**गोहाना।** शुक्रवार को जिला गोहाना भाजपा द्वारा गोहाना स्तिथ गुरु रविदास छात्रावास में डॉ. भीमराव अंबेडकर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। समारोह में भाजपा नेताओं ने डॉ. अंबेडकर के चित्र पर पुष्प अर्पित करके श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिला गोहाना के अध्यक्ष बिजेंद्र मलिक ने की।

---

### आतंकवाद के खात्मे को लेकर सभी को एकजुट होने का संदेश दिया

# दो मिनट का मौन धारण कर पहलगाम में मारे निर्दोष लोगों को दी श्रद्धांजलि

**पर्यटकों का धर्म पूछकर मौत के घाट उतारना कायराना व दुर्भाग्यपूर्ण : खत्री**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत


सोनीपत। साउथ पॉइंट स्कूल में कैंडल जला आतंकी हमले में मारे गए लोगों की आत्मा की शांति के लिए कामना करते विद्यार्थी। *फोटो :हरिभूमि*

साउथ पॉइंट स्कूल में प्रबंधन व विद्यार्थियों ने दो मिनट का मौन धारण कर पहलगाम में आतंकी हमले में मारे गए निर्दोष लोगों को श्रद्धांजलि दी। विद्यार्थियों ने कैंडल जलाकर मरने वालों की आत्मा की शांति की कामना की। इस दौरान विद्यार्थियों ने पोस्टर बनाकर व अन्य गतिविधियों के माध्यम से आतंकवाद के खात्मे को लेकर सभी को एकजुट होने का संदेश दिया। साउथ पॉइंट ग्रुप के चेयरमैन दिलबाग सिंह खत्री ने बताया कि कश्मीर के पहलगाम शहर के निकट 'मिनी स्विट्जरलैंड' के नाम से मशहूर पर्यटन स्थल बायसरन में 22 अप्रैल की दोपहर को हुए आतंकी हमले में 26 लोगों की मौत हो गई थी। मृतकों में ज्यादातर पर्यटक थे। आतंकियों ने पर्यटकों से पहला उनका धर्म पूछा, फिर गोली मार दी। आतंकियों द्वारा एक धर्म विशेष के लोगों को इस प्रकार निशाना बनाना बेहद कायराना व दुर्भाग्यपूर्ण घटना है। इससे देश भर में आक्रोश है। उन्होंने कहा कि आतंकवाद के खात्मे के लिए हमें एकजुट होकर आगे बढ़ना होगा। साउथ पॉइंट ग्रुप के एग्जीक्यूटिव चेयरमैन रोहित खत्री, मुख्य कार्यकारी अधिकारी भावना कालरा व कार्यकारी निदेशक डॉ. ममता सचदेवा ने बताया कि विद्यार्थियों ने पोस्टर के माध्यम से सभी को आतंकवाद के खिलाफ एकजुट होने का संदेश दिया है।

### पाकिस्तान के खिलाफ प्रदर्शन किया



**सोनीपत।** पाकिस्तान के पहलगाम में हुए नृशंस जनसंहार के विरोध में आज अनाज मंडी ट्रेडर्स एसोसिएशन, सोनीपत के नेतृत्व में व्यापारियों ने पाकिस्तान के विरुद्ध प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन अर्बन कोऑपरेटिव बैंक के सामने मुख्य चौराहे पर किया गया। इस दौरान पाकिस्तान का पुतला दहन कर व्यापारियों ने अपना आक्रोश प्रकट किया। प्रदर्शन में बड़ी संख्या में दुकानदार एवं व्यापारी उपस्थित रहे। उन्होंने पाकिस्तान सरकार की इस अमानवीय और आतंकी प्रवृत्ति की कड़े शब्दों में निंदा की और शहीदों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की। सभी ने दो मिनट का मौन रखकर शहीदों को श्रद्धांजलि भी अर्पित की। प्रदर्शनकारियों ने केंद्र सरकार से मांग की कि पाकिस्तान को इस कायराना हरकत का माकूल जवाब दिया जाए।

## पहलगाम में आतंकी हमला मानवीय मूल्यों पर प्रहार

■ गोहाना कैमिस्ट एसो ने आतंकी हमले में मारे गए नागरिकों को श्रद्धांजलि दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना


**गोहाना।** हमले में मारे गए नागरिकों को श्रद्धांजलि देते एसो.के प्रतिनिधि।

गोहाना कैमिस्ट एसोसिएशन ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में मारे गए 28 पर्यटकों की आत्मिक शांति की कामना की। एसो प्रतिनिधियों ने कैंडल मार्च निकाला और शहीद चौक में दो मिनट का मौन धारण रखा। श्रद्धांजलि समारोह की अध्यक्षता कैमिस्ट एसोसिएशन गोहाना इकाई के अध्यक्ष और राज्य कार्यकारिणी के संगठन मंत्री प्रदीप चहल ने की। उन्होंने कहा कि यह आतंकी हमला मानवीय मूल्यों पर प्रहार है। आतंकियों द्वारा किया गया यह नरसंहार एक असहनीय घटना है। भारतीय सेना द्वारा इसका करारा जवाब दिया जाएगा। एसो महासचिव सुरेश बजाज, लेखाकार पुरूषोतम गोयल, उप प्रधान सत नारायण गुप्ता, संगठन सचिव रमेश अरोड़ा, प्रेस प्रवक्ता सुरेश परुथी, पीआरओ राकेश गुंबर, सदस्य रवि आहूजा, नवीन कटारिया, अमित सैनी, संजय ललित, गुलशन बत्रा, संजय गोयल, जय भगवान लठवाल, नरेंद्र धमीजा, दीपक वैभव, अनमोल आदि मौजूद रहे।

### निकाला कैंडल मार्च



**सोनीपत।** जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले के विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी सोनीपत के बैनर तले कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कैंडल मार्च निकालकर विरोध प्रकट किया। जिला कांग्रेस भवन सोनीपत से सुभाष चौक तक कैंडल मार्च निकाला गया। इस दौरान कांग्रेसजनों ने शहीदों की आत्मिक शांति के लिए मौन रखा व व सरकार से मांग की है कि आतंकवादियों को जल्द से जल्द सख्त सजा दी जाए। इस दौरान विधायक इंदुराज नरवाल, पूर्व विधायक सुरेंद्र पंवार, पूर्व विधायक पदम सिंह दहिया, जयभगवान दीपालपुर, सीनियर डिप्टी मेयर राजीव सरोहा, डिप्टी मेयर मंजीत गहलावत, प्रदीप गौतम, अनुज छाबड़ा, पार्षद बिजेंद्र मलिक, पार्षद सुरेंद्र नेयर, पार्षद नवीन तंवर, पार्षद नीतू दहिया, पार्षद सूर्या दहिया भी मौजूद रहे। बरोदा से विधायक इंदुराज नरवाल ने कहा कि हाल ही में पहलगाम में एक निंदनीय आतंकी हमला हुआ, जिसमें निर्दोष लोगों की जान चली गई। यह बर्बर कृत्य मानवता के विरुद्ध है और कांग्रेस पार्टी इसकी कड़ी निंदा करती हैं।



### आतंकवाद के खिलाफ एकजुट होकर लड़ें

**गोहाना।** भगत फूल सिंह महिला विवि खानपुर कलां में शुक्रवार को जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में मारे गए निर्दोष भारतीयों के लिए मौन धारण कर उनकी आत्मिक शांति की कामना की गई।महिला विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. शिवालिक यादव ने कहा कि देश की अखंडता को भंग करने की कोशिश की जा रही है। यह कायरतापूर्ण हमला न केवल मानवीय मूल्यों पर एक प्रहार है बल्कि हमारे समाज की शांति सुरक्षा और सामूहिक एकता पर भी गंभीर आघात है।

### पाकिस्तान के विरुद्ध उठी आवाज




**सोनीपत।** मदीना मस्जिद, रसोई में जुम्मे की नमाज से पूर्व आतंकवाद के खिलाफ एकजुट होकर विरोध दर्ज कराया गया। मस्जिद के इमाम कारी नसीम कासमी की अगुवाई में उपस्थित मुस्लिम समुदाय ने हाल ही में हुए पहलगाम आतंकी हमले की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए आतंकवाद व पाकिस्तान के विरुद्ध विरोध जताया। इस अवसर पर इमाम कारी नसीम कासमी ने कहा कि यह नापाक आतंकी हमला न केवल निर्दोषों की हत्या है।

---

## मच्छर जनित रोगों के प्रति किया जागरूक

■ विश्व मलेरिया दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना


**गोहाना** । छात्राओं को जागरूक करते डॉ. चक्रवर्ती शर्मा, साथ में हैं शिक्षकगण।

शुक्रवार को नागरिक अस्पताल गोहाना की टीम द्वारा विश्व मलेरिया दिवस पर मच्छर जनित रोगों के बारे में विद्यार्थियों को जागरूक किया गया। कार्यक्रम पुरानी अनाज मंडी स्थित राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में हुआ।

नागरिक अस्पताल से डॉ. चक्रवर्ती शर्मा के नेतृत्व में टीम पहुंची। डॉ. शर्मा ने मलेरिया, डेंगू व चिकनगुनिया से बचाव के उपाय बताए। उन्होंने कहा कि घरों में प्रति सप्ताह कूलर का पानी खाली कर उसे जरूर सूखाएं। पानी की टंकी, बर्तनों व हौदियों को ढक कर रखें। पुराने टायर, टूटे, फूटे बर्तन घरों में खुले में न रखें। इनमें वर्षा का का पानी इक_ा हो सकता है। शरीर को पूरी तरह ढक कर रखें ताकि मच्छर काट ना पाएं। मच्छर जनित बीमारियों से बचाव को लेकर विद्यार्थियों से प्रश्न पूछे गए। सही उत्तर देने पर दीक्षा, निधि व अन्वी को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य कृष्ण कुमार ने की। इस मौके पर स्वास्थ्य कर्मी राज सिंह, संदीप, राजबीर, वीरेंद्र, योगेश, कवरजीत और खुशीराम मौजूद रहे।

**संगठन सचिव अशोक वार्ष्णेय ने किया संबोधित**

## अगर शरीर में विकार होगा तो हम एकाग्रचित नहीं हो सकते: अशोक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत


सोनीपत । कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए आरोग्य भारती के अशोक वार्ष्णेय एवं अन्य।

आरोग्य भारती के संगठन सचिव अशोक वार्ष्णेय ने कहा कि हम इतने व्यस्त रहते हैं कि हमारे पास अपने स्वास्थ्य के लिए समय नहीं है। स्वास्थ्य का कांट्रेक्ट डॉक्टर को दे दिया। उन्होंने कहा कि अगर शरीर में विकार होगा तो हम एकाग्रचित नहीं हो सकते।

दीनबंधु छोटू राम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, मुरथल में वीरवार को आरोग्य भारती के सहयोग से स्वास्थ्य को लेकर कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि आरोग्य भारती के संगठन सचिव अशोक वार्ष्णेय थे। उन्होंने कहा कि कोरोना महामारी के समय लोग बिना दवाई के भी जीवित थे। हर रोग की दवा नहीं हो सकती। आप स्वास्थ्य को खरीद नहीं सकते। दवाई व चिकित्सालय केवल आपकी सहायता के लिए हैं।

## प्रापर्टी डीलर के हत्यारे को उम्रकैद और 1.10 लाख रुपये का जुर्माना

■ जुर्माना राशि में से एक लाख मृतक के परिजनों को देने के आदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुभाष चंद्र सरोए ने कुंडली टीडीआई के पास प्रॉपर्टी डीलर की हत्या करने के मामले में सुनवाई के बाद आरोपित को दोषी करार दिया है। अदालत ने दोषी को उम्रकैद व 1.10 लाख रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। जुर्माना राशि में से एक लाख मृतक के परिजनों को देने के आदेश दिए हैं।

मामले में एक दोषी को अदालत दिसंबर, 2019 में सजा सुना चुकी हैं।गांव नांगल कलां निवासी अजय ने 13 अक्तूबर, 2016 को कुंडली थाना पुलिस को शिकायत दी थी कि उनके मामा गांव नांगल निवासी राकेश संदिग्ध अवस्था में लापता हो गए हैं। वह प्रॉपर्टी डीलर थे और कार लेकर घर से टीडीआई में घरेलू सामान लेने के लिए गए थे। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया था। जांच में पुलिस ने राकेश की कार दिल्ली के अलीपुर थाना क्षेत्र में जली हुई हालत में बरामद की थी। मामले की जांच तत्कालीन एसआईटी को सौंपी गई थी। जिस पर मोबाइल की डिटेल निकालने पर पता लगा था कि मोबाइल को अटेरना का एक युवक प्रयोग कर रहा है। जिसे काबू करने पर पता लगा था कि मोबाइल को उसने अपने गांव के सूरज से लिया था। जिस पर मामले के तत्कालीन जांच अधिकारी एसआई फुलकंवार की टीम ने गांव अटेरना निवासी सूरज को गिरफ्तार किया था। आरोपित ने अपने साथी आकाश व अन्य के साथ मिलकर लूटपाट के बाद राकेश की हत्या करना स्वीकार किया था।

**जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया**

## रैली से लोगों को मलेरिया से बचाव के उपायों के प्रति जागरूक किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत


सोनीपत । : रैली के दौरान मौजूद अधिकारी व कर्मचारी।

विश्व मलेरिया दिवस के अवसर पर जिले में विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिला नागरिक अस्पताल से एक जागरूकता रैली निकाली गई। जिसे जिला स्वास्थ्य अधिकारी डा. ज्योत्सना ने हरी झंडी दिखाकर जागरूकता रैली को रवाना किया। जिसकी अगुवाई एसएमआई श्याम लाल ने की। रैली के माध्यम से लोगों को मलेरिया से बचाव के उपायों के प्रति जागरूक किया गया। प्रतिभागियों ने नारे लगाते हुए संदेश दिया। रैली के दौरान यह बताया गया कि घरों में सप्ताह में कम से कम एक बार कूलर, पानी की टंकी, हौदी, फ्रिज की ट्रे और गमलों में जमा पानी को साफ करना अत्यंत आवश्यक है, ताकि मच्छरों को पनपने से रोका जा सके। इसके उपरांत जिला स्वास्थ्य विभाग की टीम ने श्याम सीनियर सेकेंडरी स्कूल, पंचशील कॉलोनी में छात्रों व शिक्षकों को मलेरिया से बचाव की जानकारी दी।

विद्यार्थियों के लिए प्रश्नोत्तरी व ड्राइंग प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसके विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए गए। इस अवसर पर जिले के सभी उप-स्वास्थ्य केंद्रों, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर भी मलेरिया दिवस मनाया गया। जिला स्वास्थ्य अधिकारी डा. ज्योत्सना ने आमजन से अपील की कि वे स्वास्थ्य विभाग के प्रयासों में सहयोग करें और अपने घरों व आस-पास मच्छरों को पनपने से रोकें। उन्होंने बताया कि वर्ष 2024 में कुल 23 मलेरिया के मामले दर्ज किए गए थे। इस वर्ष मलेरिया पर नियंत्रण हेतु 166 टीमों का गठन किया गया है, जिनमें एमपीएचडब्लू एवं आशा वर्कर शामिल हैं। ये टीमें घर-घर जाकर जागरूकता फैलाएंगी।

## एनेथ टाइम चार्म ने पाया पहला स्थान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

गेटवे इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी द्वारा आयोजित राष्ट्रीय स्तर के हैकाथॉन का समापन समारोह के साथ हुआ, जिसमें विजेता टीमों को उनके अनूठे नवाचारों और तकनीकी उत्कृष्टता के लिए सम्मानित किया गया। देशभर से कुल 73 टीमों ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया।इस प्रतियोगिता में के.आर. मंगलम यूनिवर्सिटी, गुरुग्राम की टीम एनेथ टाइम चार्म ने अपनी परियोजना के लिए प्रथम स्थान प्राप्त किया। टीम को 1 लाख रुपये की नकद राशि पुरस्कार स्वरूप प्रदान की गई। वहीं, गेटवे इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी की टीम न्यूरल नेक्सस ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया और 75,000 हजार रुपये की पुरस्कार राशि जीती। गेटवे कॉलेज के फैकल्टी सदस्यों और इमेजिनएक्सपी के तकनीकी विशेषज्ञों द्वारा की गई गहन मूल्यांकन प्रक्रिया के आधार पर शीर्ष 10 टीमों का चयन किया गया।

---

**कार्यक्रम** आर्य समाज मॉडल टाऊन में सप्तदिवसीय वार्षिकोत्सव का आयोजन

# जीवन के 4 आश्रम, गृहस्थ आश्रम सबसे सर्वश्रेष्ठ : आचार्य उषर्बुध

**आचार्य भानु प्रकाश शास्त्री ने गीतों से श्रद्धालुओं को भावविभोर किया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत


**सोनीपत।** आर्य समाज मॉडल टाउन में हवन के दौरान उपस्थित प्रबुद्धजन।

आर्य समाज मॉडल टाऊन सोनीपत के सप्तदिवसीय वार्षिकोत्सव और दिव्य आध्यात्मिक सत्संग का आयोजन किया जा रहा है। पांचवें दिन शुक्रवार को संस्था प्रधान अर्जुन देव दुरेजा की अध्यक्षता और आचार्य उषर्बुध महाराज के ब्रह्मत्व में हवन किया गया। जिसमें सामवेद शतकम के मन्त्रों का पाठ आचार्य सतन देव सत्यम द्वारा किया जा रहा है। यज्ञोपरान्त मुख्य वैदिक प्रवक्ता ने बताया कि भारतीय सभ्यता मानव में जीवन के चार आश्रमों ब्रह्मचर्य, गृहस्थ, वानप्रस्थ और सन्यास आश्रम होते हैं। इनमें गृहस्थ आश्रम में सर्वश्रेष्ठ माना गया है, जो शेष तीनों आश्रमों का आधार है और उनके भरण पोषण की जिम्मेवारी, पारिवारिक, सामाजिक, देशभक्ति का उत्तरदायित्व का निर्वहन करता है। संतान को सुसंस्कारित करके राष्ट्र को गौरवान्वित करता है। माता पिता का सम्मान, धर्म अर्थ काम और मोक्ष की प्राप्ति का प्रयास करता है। परिवार की समस्त जिम्मेदारियों के साथ उन्नति पथ पर अग्रसर हो कर परमेश्वर की प्राप्ति का मार्ग प्रशस्त करता है। समारोह में आचार्य भानु प्रकाश शास्त्री ने अपने गीतों के माध्यम से श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया।

### ये रहे मौजूद

वैदिक प्रवक्ता हरिचन्द्र स्नेही द्वारा मंच का कुशल संचालन किया गया। समारोह में महात्मा वेद मुनि वानप्रस्थी, ज्ञानेश्वर त्यागी, प्रमोद मल्होत्रा, मुकेश रावत, अशोक आर्य, सुमन भगत, गुलशन निझावन, गीता सहगल प्रधानाचार्या, स्टाफ, महेश जुनेजा, सविता मल्होत्रा, ज्ञान ठाकुर, विनोद सहगल आदि मौजूद रहे।


**सोनीपत।** ग्रामीणों को जागरूक करती जीवीएम गर्ल्स की छात्राएं।

### लू से बचाव के लिए किया जागरूक

सोनीपत। जीवीएम गर्ल्स कालेज की यूनिवर्सिटी आउटरिच प्रोग्राम टीम तथा वाईआरसी टीम ने लहराड़ा गांव में ग्रामीणों को तपती गर्मी व लू से बचाव के लिए जागरूक किया। संस्था के प्रधान डा. ओपी परूथी व प्राचार्या डा. मंजुला स्पाह ने इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि हर किसी को भीषण गर्मी से बचाव रखना चाहिए। यूनिवर्सिटी आउटरिच प्रोग्राम टीम की संयोजक प्राध्यापिका मीतू मनोचा के नेतृत्व में टीम की छात्राओं का दल लहराड़ा गांव में पहुंचा। गांव में छात्राओं ने घर-घर जाकर तथा सार्वजनिक स्थानों पर एकत्रित ग्रामीणों को जागरूकता का पाठ पढ़ाया। छात्राओं ने हीट वेव से बचने के उपायों की जानकारी देते हुए उन्हें अपनाने पर बल दिया। इस दौरान संयोजक प्राध्यापिका मीतू मनोचा ने भी ग्रामीणों को प्रोत्साहित किया।

## खबर संक्षेप



### अक्षय ने स्केटिंग में झटका स्वर्ण पदक

**सोनीपत।** बहालगढ़ में आयोजित की गई ओपन इंटर स्कूल रोलर स्केटिंग चैंपियनशिप आयोजन में हैप्पी चाइल्ड वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय महलाना रोड के दूसरी कक्षा के छात्र अक्षय ने स्वर्ण पदक जीता है। विद्यालय पहुंचने पर विजेता अक्षय का स्वागत किया गया। विद्यालय के अध्यक्ष नरेंद्र बाल्यान, प्राचार्या सुदेश बाल्यान व निर्देशिका तमन्ना निझावन ने अक्षय के हौसले की प्रशंसा करते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर अन्य स्कूल सदस्य भी उपस्थित रहे।

### सुफलम में स्वर्णप्रस्थ के विद्यार्थी हुए शामिल



**राई।** स्वर्णप्रस्थ पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने नवीन ज्ञान, विज्ञान और अनुसंधान को लेकर निफ्टम कुंडली में आयोजित सुफलम-2025 नामक कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने देश के बहुचर्चित उद्यमियों, राजनेताओं, निवेशकों और नीति निर्माताओं से मुलाकात एवं बातचीत की और खाद्य प्रसंस्करण में अत्याधुनिक प्रगति के बारे में जाना। बतौर मुख्य अतिथि भारत सरकार के केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री चिराग पासवान के संबोधन से विद्यार्थी प्रेरित हुए, जिन्होंने भारत के खाद्य प्रसंस्करण परिदृश्य को आकार देने में नवाचार और उद्यमिता के महत्व पर जोर दिया। विद्यालय के प्रधानाचार्य रोहित पंडा, शिक्षिका नीतू मालिक, पूजा वाधवा के मार्गदर्शन में विद्यार्थी सम्मिलित हुए।

## निफ्टम कुंडली में दो दिवसीय सुफलाम कार्यक्रम का मंत्री पासवान ने किया शुभारंभ

# भारत देश बुद्धिमानों की धरती है, यहां प्रतिभा की कमी नहीं : चिराग पासवान

- केंद्रीय मंत्री ने कहा सुफलाम जैसे कार्यक्रम 2047 तक भारत को विकसीत बनाने के लिए जरूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राई

भारत सरकार में खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री चिराग पासवान मे शुक्रवार को कुंडली में स्थित निफ्टम में खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय के द्वारा आयोजित भारत के दो दिवसीय सुफलाम-2025 कार्यक्रम के दूसरे संस्करण की शुरूआत की। सुफलाम कार्यक्रम एक आकांक्षी नेताओं और सलाहकारों के लिए स्टार्ट-अप फोरम है। कार्यक्रम की शुरूआत निफ्टम निदेशक डॉ. हरिंदर सिंह ने मुख्य अतिथि के स्वागत भाषण से की। मंत्री चिराग पासवान ने कार्यक्रम की शुरूआत पहलगांव आतंकवादी हमले में मृत लोगों दो मिनट को मौन रखकर श्रद्धांजलि दी। उन्होंने बताया कि भारत बुद्धिमानों की भूमि है। हमारे यहॉ प्रतिभा की कोई कमी नही है। भारत सरकार के खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय के द्वारा आयोजित सुफलाम जैसे कार्यक्रम नये भारत को तरक्की की ओर ले जाने मे अहम योगदान निभा रहे है। उन्होंने बताया कि सुफलाम जैसे कार्यक्रम भारत की नई सोच की देन है। कि कैसे हम अलग-अलग योजनाओं के समन्वय से हर व्यक्ति को 2047 तक भारत को विकसीत बनाने में हिस्सेदार बना सकते है। सभी क्षेत्रों के समन्वय के साथ भारत आने वाले समय में पूरी दुनिया की खाद्य टोकरी बनेगा। उन्होंने बताया कि इस वर्ष के बजट में वित मंत्री ने बिहार में भारत का तीसरा निफ्टम खोलने की घोषणा की है। उन्होंने बताया कि निफ्टम आज के समय सोनीपत की एक पहचान के रूप में जाना जाता है। खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय में सचिव डॉ. सुभ्रतो गुप्ता ने खाद्य अपव्यय कम करने की तत्काल आवश्यकता पर जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बढ़ती जनसंख्या और सीमित भूमि संसाधनों के बीच चुनौती केवल लोगों को भोजन उपलब्ध कराना नही है, बल्कि उसे टिकाउ और कुशल तरीके से करना है। मंत्रालय कई पहलों के माध्यम से उद्योग को सक्रिय रूप से समर्थन दे रहा है। जिनमें उत्पादन बढ़ाना, अपव्यय को कम करना, और मजबूत बुनियादी ढांचे का निर्माण शामिल है। सुफलाम कार्यक्रम में आईआईटी दिल्ली में प्रो. हरपाल सिंह, प्रो. राकेश मोहन ने भी अतिथि के तौर पर हिस्सा लिया व अपने विचारों को सभी के सामने रखा। पहले दिन उद्योग विशेषज्ञों, शिक्षाविदों, निवेशकों और युवा उद्यमियों की जोरदार भागीदारी देखने को मिली। इस मौके पर सोनीपत एसडीएम सुभाष चंद्र, निफ्टम का स्टाफ एवं अन्य अतिथि गण मौजूद रहें।



राई। कार्यक्रम का शुभारंभ करते केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री चिराग पासवान साथ में हैं निफ्टम निदेशक डॉ. हरिंदर सिंह और अन्य अतिथि। फोटो : हरिभूमि

### 23 राज्यों से 250 से अधिक स्टार्ट-अप ने हिस्सा लिया

सुफलाम 2025 कार्यक्रम में 23 राज्यों से आए 250 से अधिक स्टार्ट-अप ने हिस्सा लिया। इसमें आंध्र प्रदेश, केरल, बिहार, महराष्ट्र, तमिलनाडु जैसे राज्य शामिल रहें। सुफलाम कार्यक्रम में विभिन्न स्टार्ट-अप के द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी भी आर्कषण का केन्द्र रही। सभी प्रदर्शनियों का मंत्री चिराग पासवान ने अवलोकन भी किया है।




## पांची गुजरान में पहलगाम शहीदों को दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ⏭ गन्नौर

गांव पांची गुजरान में कश्मीर के पहलगाम में हाल ही में हुए आतंकी हमले में शहीद हुए निर्दोष नागरिकों की याद में एक श्रद्धांजलि सभा व मोमबत्ती मार्च का आयोजन किया गया। गांव के पूर्व सरपंच एवं समाजसेवी जगदीप कक्कड़ के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में सैकड़ों ग्रामीणों ने भाग लिया और शहीदों को श्रद्धासुमन अर्पित किए। शाम के समय मोमबत्तियों की टिमटिमाती रोशनी में शोकमय माहौल के बीच लोगों ने मौन धारण कर शहीदों को श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम के दौरान पुलिसकर्मी भी मौजूद रहे। कार्यक्रम में भाजपा के वरिष्ठ नेता आजाद सिंह नेहरा ने शिरकत करते हुए शहीदों के चित्र पर पुष्प अर्पित किए और आतंकवाद की कड़ी निंदा की। इस मौके पर गुरुद्वारा आशापुरण साहिब के प्रमुख बाबा सरबजीत सिंह ने शांति व भाईचारे का संदेश दिया। कार्यक्रम में ओबीसी मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष अमित सेणी, मंडल अध्यक्ष श्रवण कौशिक, सरपंच कमल, कृष्ण कुमार व चन्द्र सिंह मौजूद रहे।

### गेट चोरी करने के प्रयास के दो आरोपित गिरफ्तार

**सोनीपत।** मुरथल थाना पुलिस ने खेत में बने मकान का लोहे का गेट चोरी करने के प्रयास में दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित विक्की निवासी जैन नगर दिल्ली व बिट्टू निवासी बुद्ध विहार दिल्ली का है। पुलिस ने आरोपितों को अदालत में पेश किया जहां से उन्हें दो दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। गांव पबनेरा मुरथल निवासी हरिराम ने गत 24 अप्रैल को पुलिस से शिकायत में बताया कि वह सुबह करीब दो बजे अपने खेत में पानी चला रहा था। उसी दौरान तीन लड़के उसके मकान का लोहे का गेट चोरी करने का प्रयास करने लगे। उसे मकान की तरफ आता देख तीनों भाग गए। उसने एक लड़के को पकड़कर पुलिस को अवगत करवाया।

## प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को सम्मानित किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरखौदा

दिल्ली मार्ग पर स्थित जेबीएच सीनियर सेकेंडरी स्कूल में प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ स्कूल प्रधानाचार्या सुमन दहिया द्वारा किया गया।

शिक्षा सत्र 2024-2025 में जिन विद्यार्थियों ने विभिन्न गतिविधियों के क्षेत्र में भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। उन्हें स्कूल प्राचार्या सुमन दहिया के द्वारा मेडल देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर प्राचार्या ने बताया कि समय-समय पर ऐसी प्रतियोगिताएं आयोजित करने से बच्चों में मनोबल बढ़ता है। इस मौके पर कविता पांचाल, मंजू दहिया, प्रीति दहिया, पलक शुक्ला, कविता गर्ग , आशीष छिकारा, ज्योति शर्मा, अलीशा दहिया, अचित्रा पंवार, लक्ष्य दहिया, आकाश आदि अध्यापकगण मौजूद रहे।



खरखौदा। विद्यार्थियों को सम्मानित करते प्राचार्या सुमन दहिया। फोटो : हरिभूमि

## ऑर्गेनाइजेशन ने गृहमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन आतंकवादियों के लिए मांगी फांसी की सजा

- पहलगाम आतंकी हमले के विरोध में उतरे लोग जताया आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

क्राईम कंट्रोल एंड ह्यूमन राइट्स ऑर्गेनाइजेशन ने सीटीएम को गृहमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रमोद कटारिया ने बताया कि जम्मू-कश्मीर के पहलगांव क्षेत्र में जो अत्यंत दुखद और अमानवीय घटना घटी, उसने सम्पूर्ण देश को झकझोर कर रख दिया है।

इस घटना ने मानवता को शर्मसार किया है तथा समाज में भय और असुरक्षा का वातावरण उत्पन्न कर दिया है। घटना के दोषियों द्वारा की गई क्रूरता और निर्दयता ने यह सिद्ध कर दिया है कि वे समाज में जीने के योग्य नहीं हैं। ऐसे अपराधियों को कड़ी से कड़ी सजा दी जानी चाहिए ताकि भविष्य में कोई भी इस प्रकार की जघन्य हरकत करने से पहले हजार बार सोचे। अतः इस घटना को अंजाम देने वाले आतंकवादियों को फांसी की सजा दी जाए, जिससे पीड़ितों को न्याय मिल सके और समाज में कानून का भय बना रहे और आतंकवादियों को संरक्षण देने वाले पाकिस्तान के खिलाफ भी कड़ी कार्रवाई की जाए। इस अवसर पर संगठन के सह सचिव सन्दीप कुमार, रोहतक मंडल अध्यक्ष उमेश गौड़, जिला उपाध्यक्ष लक्ष्मण कुकरेजा अन्य उपस्थित रहे।



सोनीपत। सीटीएम को ज्ञापन सौंपते हुए संगठन के पदाधिकारी एवं सदस्यगण।



खरखौदा। गणित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में भाग लेते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

### राजकीय महाविद्यालय में गणित प्रश्नोत्तरी में हर्षित अव्वल

**खरखौदा।** राजकीय महाविद्यालय पीपली में प्राचार्या डॉ तराना नेगी के मार्गदर्शन में गणित विभाग द्वारा गणित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विभिन्न विभागों के 20 विद्यार्थियों ने इस प्रतियोगिता मे भाग लिया। इसका आयोजन गणित विभागाध्यक्ष डॉ. मनदीप कुमारी द्वारा किया किया गया। इस अवसर पर प्राचार्या डॉ तराना नेगी ने विद्यार्थियों को विभिन्न प्रतियोगिताओं में गणित के महत्व के बारे में जागरूक किया तथा भविष्य में इस प्रकार की प्रतियोगिताएं में बढ़ चढ़कर भाग लेने के लिए सभी को प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों के मानसिक व बौद्धिक विकास में सहायक होती है। इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान बी.ए द्वितीय वर्ष के हर्षित, द्वितीय स्थान संयुक्त रूप से विशाखा बीए द्वितीय वर्ष तथा काजल प्रथम वर्ष ने प्राप्त किया। बीए प्रथम वर्ष की नैंसी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

## कंप्यूटर साइंस की छात्राओं ने विदाई पार्टी की

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरखौदा

कन्या महाविद्यालय में कंप्यूटर साइंस विभाग द्वारा डॉ. रमेश सैनी, डॉ. कविता, प्रीति, डॉ. नीरू आदि स्टाफ सदस्यों के निर्देशन में बीसीए और एमएससी कंप्यूटर साइंस की छात्राओं ने मिलकर विदाई पार्टी का आयोजन किया। पार्टी की शुरुआत महाविद्यालय प्राचार्या डॉ. प्रमिला द्वारा दीप प्रज्वलित करके की गई। छात्राओं ने प्राचार्या से रिबन कटवाकर और सभी स्टाफ सदस्यों को तिलक लगाकर विदाई समारोह में आमंत्रित किया। कॉलेज प्राचार्या डॉ.प्रमिला ने अपने संबोधन में कहा कि जो छात्राएं बीसीए में है वो यहीं पर एमएससी कंप्यूटर साइंस में दाखिला लेकर महाविद्यालय से और हमसे जुड़ी रह सकती हैं। यह हमारे और छात्राओं के लिए बड़े ही गर्व की बात है कि हम क्षेत्र के ए ग्रेड कॉलेज का हिस्सा हैं और यहां शिक्षा प्राप्त कर सभी छात्राएं अपना भविष्य उज्ज्वल बनाएं। छात्राओं ने सुंदर प्रस्तुति देकर सभी को आकर्षित किया। विभिन्न राउंड में चले इस कार्यक्रम में छात्राओं ने अपनी बौद्धिकता का भी परिचय दिया।प्रश्नोत्तरी, कैटवॉक, नृत्य, गायन आदि राउंड रखे गए। जिनमें छात्राओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर विभिन्न स्थान भी प्राप्त किये। इस विदाई समारोह में मिस बीसी ए फेयरवेल दिव्या को चुना गया। मिस इंटेलिजेंट पलक रही और मिस ब्यूटी शीतल को चुना गया। इसी तरह से एमएससी की छात्राओं में से मिस एमएससी फेयरवेल प्रियंका मिस इंटेलिजेंट ज्योति और मिस ब्यूटी मधु रही। सभी छात्राओं को प्राचार्या द्वारा ताज पहनाकर उनको बधाई एवं शुभकामनाएं दी।




खरखौदा। छात्राओं को सम्मानित करते हुए प्राचार्या। फोटो : हरिभूमि

## नेशनल रेसलिंग चैंपियनशिप में अमन और आकाश ने जीते गोल्ड मेडल

**खरखौदा।** कोटा, राजस्थान में आयोजित नेशनल जूनियर रेसलिंग चैंपियनशिप में प्रताप स्कूल के होनहार पहलवानों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दो स्वर्ण पदक अपने नाम किए। अमन ने 77 किलोग्राम भार वर्ग में और आकाश ने 72 किलोग्राम भार वर्ग में गोल्ड मेडल जीतकर स्कूल व क्षेत्र का गौरव बढ़ाया। स्कूल पहुंचने पर अमन और आकाश का भव्य स्वागत किया गया। इस मौके पर द्रोणाचार्य अवार्डी ओम प्रकाश दहिया, प्रिंसिपल दया दहिया, एकेडमिक डायरेक्टर डॉ. सुबोध दहिया और कुश्ती कोच संदीप विशेष रूप से उपस्थित रहे। द्रोणाचार्य अवार्डी ओम प्रकाश दहिया ने बताया कि अमन व आकाश इससे पहले इंटरनेशनल लेवल पर देश का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। अमन इससे पहले 4 बार व आकाश 5 बार नेशनल में पदक जीत चुके हैं। विद्यालय के कुश्ती खिलाड़ियों ने अब तक इंटरनेशनल लेवल पर 68 व नेशनल लेवल पर 387 पदक जीतकर देश व प्रदेश का नाम रोशन किया है। एकेडमिक डायरेक्टर सुबोध दहिया ने विद्यार्थियों की इस उपलब्धि को स्कूल की योजनाबद्ध खेल नीति और खिलाड़ियों की मेहनत का प्रतिफल बताया। विजेता पहलवानों ने अपनी सफलता का श्रेय अपने कोच, स्कूल प्रबंधन समिति और माता-पिता को दिया।





पदक विजेता पहलवान।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 0130-2989288, 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10×8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन 0130-4012310, 9253681028

## टायर पेंचर के खोके में लगाई आग, सामान जलकर खाक

**सोनीपत।** मोहाना गांव स्थित टायर पंचर के खोखे में अज्ञात व्यक्ति ने आग लगा दी। खोखा संचालक ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। मोहाना थाना पुलिस ने मौके का मुआयना कर अज्ञात के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। गांव मोहाना निवासी दिलबाग ने बताया कि उसने गांव में करीब दस साल से टायर पंचर का खोखा कर रहा है। किसी ने उसके खोखे में आग लगा दी। जिससे चलते उसके अंदर रखे टायर, गरिस गन, नए टायर, डयूब, इंजन सहित अन्य सामान जल गया। उसे हजारों रुपये कीमत का नुकसान हुआ है। अपने स्तर पर वारदात को अंजाम देने वाले का पता करने का प्रयास किया, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। जांच अधिकारी एसआई रमेश कुमार ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है।

## गन्नौर ब्लॉक के चार गांवों में लगे प्रेरक कैंप बेटियों को बचाने और पढ़ाने का संकल्प लिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ गन्नौर

गन्नौर खंड के चार गांव जफरपुर हिंदू व मुस्लिम, बलिन्दा गढ़ी, लड़सौली और मोई माजरी में शुक्रवार को बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान के अंतर्गत प्रेरक कैंपों का आयोजन किया गया। इन गांवों में लिंगानुपात 700 से भी कम होने के चलते जनजागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से यह पहल की गई। कैंपों में वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. टीना आनंद, सीडीपीओ गन्नौर और संबंधित गांवों के सरपंचों ने मौजूद जनसमूह को घटते लिंगानुपात के दुष्परिणामों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। डॉ. टीना आनंद ने उपस्थित एमपीएचडब्ल्यू, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, आशा वर्कर को लिंगानुपात सुधार के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। इस अभियान को सफल बनाने में डॉ. मोहित, डॉ. प्रज्ञा, डॉ. परवीन, डॉ. सुदेश कुमार, हेल्थ इंस्पेक्टर जोगेंद्र, सतीश कुमार, रमेश कुमार, समुद्र सिंह और विजयपाल की अहम भूमिका रही। इस दौरान ग्रामीणों को बेटियों के अधिकार, शिक्षा और सुरक्षा के महत्व के प्रति जागरूक करते हुए उन्हें बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ की शपथ भी दिलाई गई।




गन्नौर। वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. टीना आनंद अभियान के दौरान जागरूक करते हुए। फोटो : हरिभूमि

## नगीना का शरीर दान करवाया, अंबाला मेडिकल कॉलेज में भिजवाया

- समाज कल्याण शिक्षा समिति अब तक करवाई चुकी है 28 शरीर दान

**सोनीपत।** समाज कल्याण शिक्षा समिति द्वारा शुक्रवार को नगीना पत्नी मांगेराम गली नंबर 4 विशाल नगर सोनीपत का संपूर्ण शरीर दान करवाया गया। जिसके बाद शरीर दान की कुल संख्या 28 तक पहुंच गई है। नगीना ने मरने से काफी समय पहले समाज कल्याण शिक्षा समिति के द्वारा चलाए जा रहे अंगदान व शरीर दान की मुहिम को ध्यान में रखते हुए अपना फॉर्म भर दिया था। जिसमें उनके बेटा राजेश कुमार, पुत्रवधु ममता, बेटी सुमन, रोहतास, निर्मला, भावेश, राजेश, आदि ने साथ मिलकर उसकी अंतिम इच्छा को पूर्ण करवाया। इसके बाद समाज कल्याण शिक्षा समिति के प्रधान आनंद कुमार द्वारा एंबुलेंस बुलाई गई और उसे एंबुलेंस में नगीना देवी को महर्षि मार्कंडेय अंबाला मेडिकल कॉलेज में शरीर भेजा गया ताकि इस शरीर पर बच्चे रिसर्च कर अच्छे डॉक्टर बन सकें। एक बॉडी पर करीब 14 बच्चे डॉक्टर बनते हैं। इस अवसर पर भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली के भाई माईराम कौशिक ने हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। माईराम ने बताया कि शरीर दान करना एक बहुत बड़ा दान है।



सोनीपत। एम्बुलेंस को रवाना करते हुए भाजपा नेता माईराम कौशिक साथ में प्रवीण वर्मा, आनंद कुमार एवं अन्य।



सोनीपत। छात्राओं को सर्टिफिकेट देते हुए प्राचार्या।

### 30 छात्राओं को वितरित किए प्रमाण पत्र

**सोनीपत।** टीका राम कन्या महाविद्यालय में गणित विभाग द्वारा एप्लीकेशन ऑफ मैथेमेटिक्स विषय पर सर्टिफिकेट कोर्स का समापन 5 अप्रैल को हुआ था। इस कोर्स में 30 छात्राओं ने भाग लिया। कोर्स की समाप्ति पर शुक्रवार को कॉलेज प्राचार्या गीता ने छात्राओं को प्रमाण पत्र प्रदान किए। इस अवसर पर डा. सोनिया, मिमांसा, पूजा और प्रिया मौजूद रही।

PARAS® CA
INSTITUTE OF COMMERCE PVT. LTD.
PIONEER INSTITUTE FOR CA COACHING SINCE 1995
ADMISSION OPEN for NTT
नर्सरी टीचर ट्रेनिंग
B.Ed. & D.L.Ed.
NEAR CITY MALL, SONIPAT
Call : 9149112716, 7015755714